प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

एचएएस परीक्षा

हिमाचल प्रदेश की सबसे कठिन मानी जाने वाली हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) प्रतियोगी परीक्षा–2025 का परिणाम हिमाचल लोकसेवा आयोग ने कल शाम को घोषित कर दिया है। इस बार परीक्षा में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दो स्थानों पर कब्जा जमाया है। सिरमौर जिला की मेघा सिंह कंवर ने टॉप किया है, जबकि शिमला जिला के चौपाल क्षेत्र की अंचल कुमारी को दूसरा स्थान मिला है। आयोग के अनुसार कुल 35 पदों के लिए चयन प्रकिया कराई गई थी, जिनमें से 30 पदों पर अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई है, जबकि विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के पांच पद रिक्त रह गए हैं। चयनित 30 अभ्यर्थियों में एक को हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा, दो को हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा , आठ को खंड विकास अधिकारी, नौ को तहसीलदार, दो को जिला नियंत्रक और आठ को असिस्टेंट कमिश्नर के पद आवंटित किए गए हैं। एचपीएएस के लिए मेघा सिंह कंवर का चयन हुआ है, जबकि एचपीपीएस में अंचल कुमारी और अभिषेक कपूर को जगह मिली है। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रामेशवर ठाकुर ने बताया कि इस बार लोकसेवा आयोग ने नया इतिहास रचते हुए एचएएस परीक्षा का अंतिम परिणाम उसी वर्ष 2025 में निकाल दिया है। जबकि इससे पहले ये परिणाम वर्षो तक लंबित रहते थे।

नव वर्ष

नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। रोजाना हजारों सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। शिमला, कसौली, चायल, मनाली और डलहौजी सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला और मनाली में भी 85 फीसदी तक कमरे बुक हो गए हैं। न्यू ईयर ईव पर धर्मशाला और चायल में न्यू ईयर क्वीन चुनी जाएगी। सैलानियों की सुविधा के लिए प्रदेश में ढाबे और रेस्टोरेंट रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है और पर्यटकों से भी सहयोग की अपील की है।

वहीं दूसरी तरफ कुल्लू जिला नववर्ष का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है तथा हज़ारो की संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैलानी यहां नववर्ष की पूर्व संध्या का जश्न मनाने के लिए पहुँच चुके है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता.......

इस बीच नए साल के दौरान पर्यटकों के स्वागत को चम्बा जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मौसम के बदले मिजाज के चलते इस वर्ष व्हाइट न्यू इयर की उम्मीद है। ऐसे में जिला चम्बा में पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। इसे देखते हुए जिला की पर्यटन नगरी खजियार व डलहौज़ी में काफी संख्या में पर्यटक पहुंच गए है। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला में पर्यटकों की आमद को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कल नाहन मेडिकल कॉलेज के विस्तार से संबंधित मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उप–समिति के सदस्य उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन के निर्माण को वर्ष 2018 में 260 दशमलव 70 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

मौसम

मौसम विभाग द्वारा जारी बारिश और बर्फबारी के अलर्ट के बीच लाहौल घाटी के उदयपुर और कुकमसेरी में ताजा बर्फबारी हुई है। इससे न्यूनतम तामपान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। आज राजधानी शिमला साहित प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने 2 जनवरी तक प्रदेश के मध्यम से ऊंउंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश बर्फबारी की संभावना जताई है। इस बीच प्रदेश के मैदानी क्षेत्र बिलासपुर, मंडी, सुंदरनगर और पांवटा साहिब घने कोहरे की चपेट में है, जिससे इन क्षेत्रों में दृश्यता 200 मीटर से 500 मीटर के बीच दर्ज की गई है।